# झारखण्ड विशेष

## घटनाक्रम संग्रह क्विज

PDF

The Series......

हिन्दवंशी

Useful for....

# JPSC & JSSC

झारखण्ड की प्रतियोगी परीक्षाओं पर केंद्रित

# झारखण्ड Current Affairs Quiz

## सेट - 3

1. 'डिजिटल उड़ान' नामक डिजिटल साक्षरता अभियान की शुरुआत निम्न में से किस कंपनी के द्वारा की गई है?

a. जियो

b. बीएसएनएल

c. भारती एयरटेल

d. वोडाफोन आइडिया

# जियो

रिलायंस जियो ने फेसबुक के साथ साझेदारी कर 'डिजिटल उड़ान' नामक डिजिटल साक्षरता अभियान शुरू किया है।

जियो के डिजिटल उड़ान अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को लोगों को जियो फोन के फीचर्स, फेसबुक इस्तेमाल करने का तरीका, तमाम तरह के एप्स को इस्तेमाल करने का तरीका तथा इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के तरीके सिखाए जाएंगे।

जियो के इस अभियान के तहत यूजर्स को ऑडियो और वीडियो माध्यम के जरिए 10 भाषाओं में ट्रेनिंग दी जाएगी।

2. निम्नलिखित में से झारखंड की किस गायिका को भारत के राष्ट्रपति के द्वारा 'बिस्मिला खां युवा पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा?

a. शिल्पा राव

b. बसंती देवी

c. सुमन गुप्ता

d. चंदन तिवारी

## चंदन तिवारी

बोकारो की प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका रेखा तिवारी की पुत्री चंदन तिवारी को राष्ट्रपति की ओर से बिस्मिला खां युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

यह पुरस्कार 40 साल से कम आयु के लोगों को प्रदान किया जाता है।

3. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के 'ग्लोबल लाइटहाउस नेटवर्क' में शामिल होने वाला पहला भारतीय विनिर्माण संयंत्र निम्न में से कौन है?

a. जेएसपीएल रायगढ़

b. सैमसंग इंडिया नोएडा

c. टाटा स्टील कलिंगनगर

d. अशोक लेलैंड राँची

## टाटा स्टील कलिंगनगर

## 'टाटा स्टील कलिंगनगर' वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के 'ग्लोबल लाइटहाउस नेटवर्क' में शामिल होने वाला पहला भारतीय विनिर्माण संयंत्र बन गया है।

4. महिला स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 2019 का आयोजन निम्नलिखित में से किस शहर में किया जाएगा?

a. कोच्चि

b. जयपुर

c. मुम्बई

d. रायपुर

कोच्चि

महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केरल स्टार्टअप मिशन (Kerala Startup Mission- KSUM) कोच्चि में महिला स्टार्टअप शिखर सम्मेलन (Women Startup Suummit) का आयोजन करेगा।

इस शिखर सम्मेलन का आयोजन KSUM द्वारा राष्ट्रीय महिला नेटवर्क और भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation of Indian Industry-CII) के साथ मिलकर किया जाएगा।

इस सम्मेलन की थीम "एक समावेशी उद्यमशीलता पारिस्थितिकी का विकास" (Developing an Inclusive Entrepreneurship Ecosystem) है।

5. केंद्र सरकार की गवाह संरक्षण योजना 2018 को लागू करने वाला देश का पहला राज्य कौन है?

a. ओडिसा

b. राजस्थान

c. तमिलनाडु

d. पश्चिम बंगाल

## ओडिसा

ओडिशा सरकार ने केंद्र की गवाह संरक्षण योजना 2018 को लागू कर दिया है।

ओडिशा इस योजना को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

इस योजना का उद्देश्य गवाहों को सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि पूर्ण रूप से निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया का संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

6. किस देश ने अपने यहां से उड़ान भरने वाली सभी विदेशी उड़ानों पर 'इको टैक्स' लगाने का ऐलान किया है?

a. फ्रांस

b. ब्रिटेन

c. जापान

d. सिंगापुर

## फ्रांस

फ्रांस ने उसके यहां से उड़ान भरने वाली सभी विदेशी उड़ानों पर 18 यूरो (करीब 1385 रुपये) का 'इको टैक्स' लगाने का ऐलान किया है।

7. 'बांस कारीगर मेला 2019' का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?

a. ओड़िसा

b. महाराष्ट्र

c. झारखंड

d. अरुणाचल प्रदेश

## झारखंड

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बांस दिवस के अवसर पर झारखंड के दुमका मे दो दिवसीय बांस कारीगर मेला 2019 का आयोजन किया जाएगा।

इस मेले में स्वीडन, दुबई, नॉर्वे, अबू धाबी और यूरोपीय कंपनियों के खरीदार हिस्सा ले रहे हैं।

दो दिवसीय यह कार्यक्रम झारखंड में बांस से संबंधित स्थायी उत्पादों के विकास के लिए एक पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

8. निम्नलिखित में से किस देश में दुनिया का पहला अंडरवॉटर मिलिट्री म्यूजियम बनाया गया है?

a. स्पेन

b. जापान

c. जॉर्डन

d. बेलारूस

हिन्दवंशी

## जॉर्डन

**जॉर्डन के अकाबा में दुनिया का पहला अंडरवॉटर मिलिट्री म्यूजियम बनाया गया है।**

9. झारखंड विधानसभा के द्वारा झारखंड के किस जिले में राज्य के पहले संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधी विधेयक को मंजूरी प्रदान की गई है?

a. राँची

b. देवघर

c. पलामू

d. धनबाद

## देवघर

झारखंड सरकार ने देवघर जिले में राज्य के पहले संस्कृत विश्वविद्यालय 'बाबा वैद्यनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय' की स्थापना का निर्णय लिया है।

झारखंड विधानसभा में राज्य सरकार ने 'झारखंड राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2019' पारित किया, जिसके तहत इस संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई।

10. पहली बार पूजा के लिए खोला गया 1,000 साल पुराना हिंदू मंदिर 'शवाला तेजा सिंह मंदिर' निम्न में से किस देश मे अवस्थित है?

a. कंबोडिया

b. बांग्लादेश

c. पाकिस्तान

d. इंडोनेशिया

पाकिस्तान

पाकिस्तान के सियालकोट में स्थित 1,000 साल पुराना हिंदू मंदिर 'शवाला तेजा सिंह मंदिर' को बंटवारे के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया।

11. भारतीय कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्प निर्माताओं को व्यवसाय हेतु अपने प्लेटफार्म पर लाने के लिए किस कंपनी ने 'समर्थ' नामक पहल की शुरुआत की है?

a. अमेजॉन

b. स्नैपडील

c. जाबोंग

d. फ्लिपकार्ट

फ्लिपकार्ट

फ्लिपकार्ट ने भारतीय कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्प निर्माताओं को अपने प्लेटफार्म पर लाने के लिए एक नई पहल 'समर्थ' की शुरुआत की।

12. निराश्रित, बेसहारा गोवंश का पालन करने वाले किसानों को 30 रुपये प्रतिदिन प्रति पशु देने के लिए 'मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना' की शुरुआत किस राज्य के द्वारा की गई है?

a. बिहार

b. झारखंड

c. उत्तराखंड

d. उत्तरप्रदेश

## उत्तरप्रदेश

उत्तरप्रदेश सरकार ने निराश्रित, बेसहारा गोवंश का पालन करने वाले किसानों को 30 रुपये प्रतिदिन प्रति पशु देने के लिए 'मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना' शुरू की है।

योजना के अंतर्गत स्थायी, अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों से निराश्रित, बेसहारा, गोवंश को तय प्रक्रिया के अनुसार इच्छुक पशुपालकों, किसानों या अन्य व्यक्तियों को सुपुर्द किया जा सकेगा।

इच्छुक किसानों व पशुपालकों के खाते में डीबीटी के जरिए 30 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

13. डेनमार्क में आयोजित डाना कप अंडर-16 फुटबाल टूर्नामेंट में किस खिलाड़ी को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड प्रदान किया गया?

a. सोनी मुंडा

b. लक्ष्मी कुमारी

c. संध्या टोप्पो

d. अनिता कुमारी

## अनिता कुमारी

मुम्बई की झुग्गी बस्तियों और झारखंड की ग्रामीण लड़कियों से बनी भारत की अंडर-16 फुटबाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क में आयोजित डाना कप टूर्नामेंट जीत लिया है।

ऑस्कर फाउंडेशन की इस टीम ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी यूथ फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर का अवार्ड झारखंड की अनिता कुमारी को मिला।

14. संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार किस देश में दुनिया की सबसे अधिक स्वदेशी भाषाएँ बोली जाती है?

a. भारत

b. अमेरिका

c. नाइजीरिया

d. पापुआ न्यू गिनी

पापुआ न्यू गिनी

वर्ष 2019 को संयुक्त राष्ट्र की स्थानीय भाषा का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पापुआ न्यू गिनी में दुनिया की सबसे अधिक 840 स्वदेशी भाषाएँ बोली जाती है।

भारत 453 भाषाओं के साथ सबसे अधिक स्वदेशी भाषाएँ बोले जाने के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर है।

15. निम्नलिखित में से किस महिला को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) का पहला महिला अध्यक्ष चुना गया है?

a. सुनीता मिश्रा

b. चंद्रिमा शाहा

c. नासिरा हुसैन

d. अरुंधति माधवन

## चंद्रिमा शाहा

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी की पूर्व निदेशक चंद्रिमा शाहा को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) का पहला महिला अध्यक्ष चुना गया है।

16. ग्रीनपीस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार विश्व में मानवजनित सल्फर डाइऑक्साइड (SO2) का सबसे बड़ा उत्सर्जनकर्ता देश कौन है?

a. चीन

b. रूस

c. भारत

d. अमेरिका

## भारत

**एनजीओ ग्रीनपीस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व में मानवजनित सल्फर डाइऑक्साइड (SO2) का सबसे बड़ा उत्सर्जनकर्ता देश है।**

17. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के द्वारा आयोजित 'स्मार्ट सिटी प्रतियोगिता' में कौन सा शहर पहले स्थान पर है?

a. राँची

b. भोपाल

c. नागपुर

d. अहमदाबाद

अहमदाबाद

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के द्वारा आयोजित 'स्मार्ट सिटी प्रतियोगिता' में रांची तीसरे स्थान पर है।

इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर अहमदाबाद और दूसरे स्थान पर नागपुर है।

स्मार्ट सिटी की रैंकिंग संसाधनों के विकास पर कुल निवेश, निविदाओं की लागत, पूरी की गई योजनाएं और उपयोगिता प्रमाण आदि के आधार पर तय की जाती है।

18. निम्न में से किस स्थान पर देश का सबसे ऊंचा 'स्काई साइकिलिंग ट्रैक' बनाया गया है?

a. मसूरी

b. कसौली

c. मनाली

d. रानीखेत

## मनाली

मनाली के पर्यटन स्थल गुलाबा में 9,000 फीट की ऊंचाई पर देश का सबसे ऊंचा 'स्काई साइकिलिंग ट्रैक' बनाया गया है।

19. किस राज्य की सरकार ने सचिवालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के जींस टी-शर्ट पहन कर आने पर रोक लगा दी है?

a. बिहार

b. गुजरात

c. मध्यप्रदेश

d. उत्तरप्रदेश

## बिहार

बिहार सरकार ने सचिवालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के जींस टी-शर्ट पहन कर आने पर रोक लगा दी है।

नये निर्देश के अनुसार सरकारी अधिकारियों को अब केवल फॉर्मल ड्रेस पहन कर ऑफिस आना होगा।

20. निम्नलिखित में झारखंड की किस बालिका को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित 'डायना अवार्ड' के लिए चुना गया है?

a. चंपा कुमारी

b. अनिशा मुंडा

c. सुनीता कुजूर

d. मनीषा तिवारी

## चंपा कुमारी

झारखंड के गिरिडीह की 13 वर्षीय चंपा कुमारी को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित डायना अवार्ड के लिए चुना गया है।

उन्हें यह पुरस्कार अपने गाँव में बाल हिंसा के खिलाफ संघर्ष करने के लिए प्रदान किया जाएगा।

हिन्दवंशी

21. हर साल 15 सितम्बर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस 2019 की थीम क्या है?

a. भागीदारी

b. धर्मनिरपेक्षता

c. युवा और लोकतंत्र

d. महिला सशक्तिकरण

भागीदारी

लोकतंत्र के महत्व को याद करने के लिए हर साल 15 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस 2019 की थीम 'भागीदारी' है।

22. निम्नलिखित में से किस देश के राष्ट्रपति ने भारत को आध्यात्मिक पड़ोसी का दर्जा प्रदान दिया है?

a. मंगोलिया

b. बांग्लादेश

c. इंडोनेशिया

d. अफगानिस्तान

## मंगोलिया

मंगोलिया के राष्ट्रपति श्री कोट्टमगिगीं बत्तुलगा ने अपने भारत यात्रा के दौरान भारत को आध्यात्मिक पड़ोसी का दर्जा दिया।

23. 'फ्राइडेज फॉर फ्यूचर' नामक मुहिम निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित है?

a. बाल शिक्षा

b. नागरिक अधिकार

c. जलवायु परिवर्तन

d. महिला सशक्तिकरण

## जलवायु परिवर्तन

स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग ने जलवायु परिवर्तन के विरोध में 'फ्राइडेज फॉर फ्यूचर' नामक मुहिम की शुरुआत की है।

इस मुहिम के तहत स्कूली बच्चे हर शुक्रवार को अपने स्कूल छोड़कर जलवायु परिवर्तन के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

24. निम्नलिखित में किस राज्य में किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना लॉन्च की गई है?

a. गुजरात

b. राजस्थान

c. झारखंड

d. उत्तरप्रदेश

## झारखंड

झारखंड सरकार ने प्रदेश के किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना लॉन्च की।

मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना के तहत एक से पांच एकड़ तक की भूमि वाले किसानों को सरकार द्वारा न्यूनतम पांच हजार और अधिकतम 25 हजार रुपये दिए जाएंगे।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये दिए जाते हैं।

25. निम्नलिखित में से किस बालिका को अपने क्षेत्र में बाल विवाह रुकवाने के लिए किये गये प्रयासों के कारण 'बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन' द्वारा 'चेंजमेकर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है?

a. अनिरुद्धा सोनी

b. पायल जांगिड़

c. अश्विनी माधोलकर

d. माहेरा खातून

## पायल जांगिड़

समाज में बदलाव लाने के लिए राजस्थान की पायल जांगिड़ को बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा 'चेंजमेकर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

पायल जांगिड़ को अपने क्षेत्र में बाल विवाह रुकवाने के लिए किये गये प्रयासों के चलते यह सम्मान दिया गया।

पायल जांगिड़ को महज 17 वर्ष की उम्र में यह पुरस्कार दिया गया है।

26. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को झारखंड का मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है?

a. विनय चौबे

b. मयूर गोसाई

c. शिवनाथ चेरो

d. अनिमेश प्रताप सिंह

## विनय चौबे

राज्य के आईटी सचिव विनय चौबे को झारखंड का मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) नियुक्त किया जाएगा।

27. किस देश के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष सामरिक पत्र 'इंडिया 2022- इन्वेस्टिंग इन रिलेशनशिप' का अनावरण किया?

a. बांग्लादेश

b. न्यूजीलैंड

c. उज्बेकिस्तान

d. अफगानिस्तान

## न्यूजीलैंड

**न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष सामरिक पत्र 'इंडिया 2022- इन्वेस्टिंग इन रिलेशनशिप' का अनावरण किया।**

28. 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' ने "फॉरेस्ट प्लस 2.0" अभियान के तहत भारत के किन राज्यों में वनक्षेत्रों के प्रबंधन में सुधार के लिए 'पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' के साथ समझौता किया है?

a. बिहार, केरल और तेलंगाना

b. गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश

c. असम, उत्तराखंड और तमिलनाडु

d. झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल

## बिहार, केरल और तेलंगाना

'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (USAID) तथा भारत के 'पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' ने "फॉरेस्ट प्लस 2.0" अभियान की शुरुआत की है।

इस अभियान के तहत वनक्षेत्रों में पारिस्थितिकीय तंत्र पर आधारित प्रबंधन को बेहतर बनाने के उपाय एवं तकनीकों को विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

इस अभियान के तहत 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' बिहार, केरल और तेलंगाना में वनक्षेत्रों के प्रबंधन में सुधार के लिए 'पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' को तकनीकी मदद प्रदान करेगा।

29. पर्यटन की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष किस तारीख को 'विश्व पर्यटन दिवस' (World Tourism Day) मनाया जाता है?

a. 8 जून

b. 11 जुलाई

c. 12 अगस्त

d. 27 सितम्बर

27 सितम्बर

दुनिया भर में पर्यटन की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष 27 सितंबर को 'विश्व पर्यटन दिवस' (World Tourism Day) मनाया जाता है

विश्व पर्यटन दिवस 2019 का विषय "पर्यटन और रोजगार- सभी के लिए बेहतर भविष्य" (Tourism and Jobs-A Better Future for All) है।

विश्व पर्यटन दिवस 2019 की मेजबानी का अधिकार भारत को प्रदान किया गया है।

30. केंद्र सरकार के जल मार्ग विकास परियोजना के तहत झारखंड का पहला मल्टी मॉडल टर्मिनल किस जिले में बनाया गया है?

a. राँची

b. दुमका

c. बोकारो

d. साहेबगंज

## साहेबगंज

झारखंड का पहला और देश का दूसरा मल्टी मॉडल टर्मिनल साहिबगंज जिले में बनाया गया है।

जल मार्ग विकास परियोजना के तहत गंगा नदी पर बनाए जा रहे तीन मल्टी-मॉडल टर्मिनलों में से पहला मल्टी-मॉडल टर्मिनल वाराणसी में 2018 में बनाया गया था।

साहिबगंज स्थित मल्टी-मॉडल टर्मिनल झारखंड एवं बिहार के उद्योगों को वैश्विक बाजार के लिए खोलेगा और साथ में जलमार्ग के जरिए भारत-नेपाल कार्गो कनेक्टिविटी भी सुलभ कराएगा।

source
hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी